Hindi | हिन्दी

# वास्तविक सहायता। बिल्कुल अभी।



# $100 पावर सेविंग बोनस: आवेदन कैसे करें:

उन विक्टोरियाई लोगों को रहन-सहन की वास्तविक लागत प्रदान करना जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है।

विक्टोरियन सरकार एक नए $100 पावर सेविंग बोनस के साथ रहन-सहन की लागत पर ध्यान देने और विक्टोरियाई लोगों के लिए ऊर्जा बिलों को कम करने के लिए वास्तविक सहायता प्रदान कर रही है।

25 अगस्त 2025 से, पात्र रियायत (कन्सेशन) कार्ड धारक विक्टोरियन एनर्जी कम्पेयर वेबसाइट पर जाकर बोनस के लिए आवेदन कर सकते हैं, यह जांच करते हुए कि उनके पास सर्वोत्तम एनर्जी ऑफर (ऊर्जा प्रस्ताव) है।

विक्टोरियन एनर्जी कम्पेयर एक स्वतंत्र और स्वाधीन सरकार-संचालित वेबसाइट है जो बिजली, गैस और सोलर ऑफ़र की तुलना करना आसान बनाती है। ऊर्जा योजनाओं की नियमित रूप से जांच करके और इनकी अदला-बदली करके, विक्टोरियाई लोग अपनी ऊर्जा लागतों पर महत्वपूर्ण बचत कर सकते हैं।

$100 पावर सेविंग बोनस की योग्यता प्राप्त करने के लिए आपको एक अलग ऊर्जा योजना पर बदली करने की आवश्यकता नहीं है। उपलब्ध योजनाओं की तुलना करने के लिए बस वेबसाइट का उपयोग करें - यह शीघ्रता किया जाने वाला एक आसान काम है, और आपको बेहतर डील का पता लगाने में मदद कर सकता है।

## $100 पावर सेविंग बोनस

$100 पावर सेविंग बोनस एक एकमुश्त भुगतान है जिसे पात्र घर-परिवारों को शीतकालीन ऊर्जा बिलों का प्रबंधन करने और जीवन यापन के दबावों को कम करने में मदद करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

आवेदन करने के लिए विक्टोरियन एनर्जी कम्पेयर वेबसाइट का उपयोग करके, आप नई बचत की खोज कर सकते हैं - और ऐसा करते समय आप $100 बोनस प्राप्त कर सकते हैं।

## पात्रता

पात्र होने के लिए, घर-परिवारों को निम्न की आवश्यकता होगी:

- हाल ही का आवासीय बिजली का बिल
- निम्नलिखित रियायत (कन्सेशन) कार्ड में से किसी एक के धारक होना:
  - स्वास्थ्य देखभाल (हेल्थ केयर) कार्ड
  - पेंशनर रियायत (कन्सेशन) कार्ड
  - पूर्व-सैनिक मामला (वैटरन्स अफैयर्स) पेंशनर रियायत कार्ड
  - पूर्व-सैनिक मामला (वैटरन्स अफैयर्स) गोल्ड कार्ड

प्रति घर-परिवार केवल एक भुगतान उपलब्ध है।

### आवेदन कैसे करें:

आवेदन करने के लिए, विक्टोरियन एनर्जी कम्पेयर वेबसाइट (compare.energy.vic.gov.au) पर जाएं या फोन (**1800 000 832**) पर या भाग लेने वाले नेबरहुड हाउस के माध्यम से व्यक्तिगत रूप से आवेदन करें।

VICTORIAN ENERGY COMPARE

VICTORIA State Government

# **वास्तविक सहायता।** बिल्कुल अभी।

## विक्टोरियन एनर्जी कम्पेयर आपके लिए क्या कर सकती है:

- यह आपकी वर्तमान योजना के साथ उपलब्ध ऑफ़रों की तुलना करती है ताकि आप देख सकें कि वे ज्यादा हैं या कम हैं।
- यह बाज़ार में प्रत्येक विक्टोरियाई ऊर्जा रिटेलर के प्रत्येक ऑफ़र की खोज करती है।
- यह आपको हरित (ग्रीन) ऊर्जा ऑफ़र और सोलर फीड-इन टैरिफ दिखाता है।
- सर्वोत्तम जानकारी प्रदान करने के लिए यह आपके घर या व्यवसाय के लिए विशिष्ट डेटा का उपयोग करती है।

**1** **अपना नवीनतम बिजली बिल खोजें।**

**2** compare.energy.vic.gov.au **पर जाएँ**

**3** **अपनी जानकारी दर्ज करें और सर्वोत्तम ऑफ़र खोजें।**

### तुलना करें और बचत करें

जिन लोगों ने 2024 में विक्टोरियन एनर्जी कम्पेयर वेबसाइट का उपयोग किया था, वे सबसे अच्छी कीमत वाले ऑफ़र पर बदली (स्विच) करके $240 से अधिक की बचत कर पाए थे।

### आवासीय और लघु व्यवसाय

विक्टोरियन एनर्जी कम्पेयर में आवासीय और लघु व्यवसाय ऊर्जा उपभोक्ताओं के लिए आम तौर पर उपलब्ध सभी ऊर्जा प्रस्ताव शामिल हैं।

### 17.5% छूट

रियायत (कन्सेशन) कार्ड धारक पूरे वर्ष अपने बिजली के बिलों और शीतकालीन गैस बिलों (मई - अक्टूबर) पर 17.5% छूट के हकदार हो सकते हैं।

विक्टोरियन सरकार की ऊर्जा वेबसाइट विक्टोरिया के सुरक्षित और स्थायी ऊर्जा भविष्य को विकसित करने के लिए हम उद्योग और समुदाय के साथ जो काम कर रहे हैं, उसके बारे में जानकारी प्रदान करती है।



energy.vic.gov.au/households **पर जाएं**

© विक्टोरिया राज्य ऊर्जा, पर्यावरण और जलवायु कार्रवाई विभाग अगस्त 2025।

**ISBN** 978-1-76176-562-9 **(Print)**
**ISBN** 978-1-76176-563-6 **(pdf/online/MS word)**

**अस्वीकरण**

इस प्रकाशन से आपको सहायता मिल सकती है, लेकिन विक्टोरिया राज्य और इसके कर्मचारी इस बात की गारंटी नहीं देते हैं कि यह प्रकाशन किसी प्रकार की त्रुटि से मुक्त है या आपके विशिष्ट उद्देश्यों के लिए पूर्णत: उपयुक्त है और इसलिए इस प्रकाशन में दी गई किसी भी जानकारी पर भरोसा करने से पैदा होने वाली किसी भी त्रुटि, हानि या अन्य परिणाम के लिए वे सभी दायित्वों को अस्वीकार करते हैं।

अंग्रेजी के अलावा अन्य भाषाओं में सहायता के लिए, अनुवाद और दुभाषिया सेवाओं (टीआईएस) से 131 450 पर संपर्क करें।

VICTORIA State Government

2052